# कृषि निदेशालय, बिहार, पटना

कृषि भवन , मीठापुर, पटना - 800001

**ई-मेल**–diragri-bih@nic.in **वेबसाइट** –state.bihar.gov.in/krishi/CitizenHome **दूरभाष /फैक्स**– 0612-2215895


पत्र सं०–रा०कृ०वि०यो०को०–13/2025 3292 /कृ०, पटना, दिनांक 02–जुलाई, 2025

प्रेषक,

**नितिन कुमार सिंह,** *भा०प्र०से०*
कृषि निदेशक, बिहार, पटना।

सेवा में,

**जिला पदाधिकारी,** (सभी)।
**जिला कृषि पदाधिकारी,** (सभी)।

**विषय :–** **वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (DPR) अन्तर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण की योजना का कार्यान्वयन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (DPR) अन्तर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण की योजना स्वीकृत है। उक्त योजना का कार्यान्वयन अनुदेश संलग्न कर उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यान्वयन अनुदेश पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

अतः अनुरोध है कि स्वीकृत्यादेश एवं कार्यान्वयन अनुदेश के आलोक में योजना का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जाय।

**अनु०**:–यथोक्त।

विश्वासभाजन,

**(नितिन कुमार सिंह)**
कृषि निदेशक, बिहार, पटना।

ज्ञापांक :– 3292 कृ०, पटना, दिनांक 02-जुलाई, 2024
प्रतिलिपि :–प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) (सभी)/संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण) बिहार, पटना/सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) (सभी)/प्रभारी पदाधिकारी, डी. बी.टी. कोषांग को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/उप निदेशक (शष्य) सूचना, बिहार, पटना एवं आई०टी०मैनेजर, कृषि विभाग, बिहार, पटना को अनुलग्नक सहित विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

D:\D Drive\RKVY\LETTER\2025\July\LETTER-03 (Dir).doc

## बिहार सरकार
## कृषि विभाग

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (DPR) अंतर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण का कार्यान्वयन अनुदेश (वितीय वर्ष 2025–26)

1. **योजना का उद्देश्य**– प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (DPR) अंतर्गत इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को उनकी उपज सुखाने के लिए स्वच्छ और विश्वसनीय स्थान प्रदान करना एवं उनकी गुणवत्ता और बाजार मूल्य को बढ़ाना है। इससे सुखाने की प्रक्रिया के दौरान होने वाला नुकसान कम होगा एवं किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सकेगा।

2. **योजना का आकार** – पक्का थ्रेसिंग फ्लोर कार्यक्रम अंतर्गत निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य अनुसूची–1 के रूप में संलग्न है। निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य के अनुरूप राज्य के सभी जिलों में कार्यक्रम क्रियान्वित किया जाना है।

3. **थ्रेसिंग फ्लोर का आकार** – इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण का आकार निम्न प्रकार होगा –

   लम्बाई – 30 फीट

   चौड़ाई – 20 फीट

   उँचाई – 1 फीट 9 ईंच

4. **कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुदान की राशि** – इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के निर्माण हेतु विनिर्देश (Specification) के अनुसार अनुमानित लागत रूपये 1,26,200/– (एक लाख छब्बीस हजार दो सौ) रू० प्राक्कलित है (अनुसूची–2) जो विभिन्न प्रमंडलो/जिलों में अलग हो सकता है। वास्तविक लागत का 50 प्रतिशत, अधिकतम रूपये 50,000.00 (पचास हजार) रू० मात्र अनुदान की राशि लाभुक कृषक को दिया जाना है। शेष राशि लाभुक कृषक द्वारा स्वयं वहन किया जाना है।

5. **पात्रता**

   5.1 वैसे कृषक जो भू–धारी हों तथा इस योजना हेतु इच्छुक हों। कृषक के पास वैसा जगह होना चाहिए जहाँ जल जमाव नहीं होता हो।

   5.2 लघु/सीमांत/महिला किसानों को योजना अंतर्गत प्राथमिकता दी जायेगी।

6. **आवेदन की प्रक्रिया एवं कार्यक्रम का क्रियान्वयन**

   6.1 **आवेदन की प्रक्रिया** :– आवेदक द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण किया जायेगा। पंजीकरण करने के उपरांत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण हेतु ऑनलाइन आवेदन किया जायेगा। आवेदन के साथ जमीन संबंधित कागजात यथा LPC/जमाबंदी/लगान रसीद की एक प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा।

   6.2 जिस प्लॉट पर निर्माण होना है, आवेदन उसी जगह से किया जायेगा। Geotagged photograph लेना अनिवार्य होगा। Captured अक्षांश–देशांतर के हिसाब से सत्यापन कार्य किया जायेगा।

   6.3 कार्यक्रम अंतर्गत लाभुक किसानों का चयन लॉटरी के माध्यम से किया जायेगा। सभी जिलों के लिए लॉटरी निर्धारित समय पर मुख्यालय स्तर पर किया जायेगा।

6.4 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए आरक्षित प्रतिशत का शत्–प्रतिशत उपलब्धि अनिवार्य रूप से किया जाना है।

6.5 इस कार्यक्रम का क्रियान्वयन संबंधित जिलों के जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा किया जायेगा। जिला कृषि पदाधिकारी, जिले के लक्ष्य को पंचायतों के आधार पर प्रखंडवार लक्ष्य निर्धारित करेंगे।

6.6 चयनित किसानों के आवेदन का सत्यापन संबंधित कृषि समन्वयक द्वारा किया जायेगा।

6.7 कृषि समन्वयक के सत्यापन के बाद आवेदन प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी के माध्यम से जाँचोपरान्त जिला कृषि पदाधिकारी को भेजा जायेगा। लॉटरी के माध्यम से चयनित कृषकों का जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा कार्यादेश एवं स्वीकृति पत्र निर्गत किया जायेगा।

6.8 यदि चयनित कृषक किसी कारणवश निर्माण कार्य नहीं कराना चाहते हैं तो प्रतिक्षा सूची से क्रमवार कृषक का चयन किया जा सकता है।

6.9 कार्यादेश एवं स्वीकृति पत्र के साथ आवेदन संबंधित जिला के सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक को भेजा जायेगा। सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) संबंधित आवेदक के मापी पुस्तिका पर काम करेंगे एवं कृषि समन्वयक संबंधित आवेदक के द्वारा किये गये कार्य की समीक्षा करते हुए रिपोर्ट अपलोड करेंगे।

6.10 सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), कृषि समन्वयक की जाँच रिपोर्ट एवं मापी पुस्तिका को आवेदन में अपलोड करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी को स्वीकृति के लिए अनुशंसा करेंगे।

6.11 जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा SNA SPARSH के माध्यम से अनुदान राशि लाभार्थी के खाते में DBT के माध्यम से अंतरण किया जायेगा।

6.12 पंजीकरण से लेकर आवेदन सत्यापन एवं अनुदान स्वीकृति की प्रक्रिया SMS से जोड़ा गया है जिसकी मदद से अद्यतन स्थिति आवेदक को दिया जायेगा।

6.13 MIS Generation की व्यवस्था जिला एवं मुख्यालय स्तर पर की जाएगी।

6.14 **आवेदन की जाँच** :– आवेदन की जाँच कृषि समन्वयक के द्वारा की जायेगी। आवेदन जाँच की प्रक्रिया अधिक से अधिक 7 (सात) दिनों में निश्चित रूप से पूर्ण कर ली जायेगी। यह जाँच किसानों के द्वारा आवेदन में उल्लेखित स्थल पर जाकर की जायेगी। जमीन के कागजातों की जाँचकर सुनिश्चित किया जायेगा कि जमीन आवेदक के नाम पर है। अनुदान तथा भुगतान की प्रक्रिया एवं निर्माण कार्य पूर्ण करने की तारीख का स्पष्ट रूप से उल्लेख होगा। स्वीकृति पत्र की एक प्रतिलिपि संबंधित सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वयक को भी दी जायेगी जिससे की पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण के क्रम में उक्त पदाधिकारियों/कर्मियों के द्वारा इसकी जाँच की जा सके।

6.15 स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के पश्चात दिए गए विनिर्देश (Specification) के आधार पर चयनित कृषक द्वारा 15 दिनों के अन्दर पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का निर्माण कार्य प्रारंभ करना अनिवार्य होगा एवं तीन माह के अंदर इसे पूर्ण करेंगे। सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण), प्रखंड कृषि पदाधिकारी/कृषि समन्वयक/किसान सलाहकार के उपस्थिति के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ करवाना सुनिश्चित करेंगे। निर्माण कार्य का Geo tagged फोटो अनिवार्य होगा।

6.16 कृषक द्वारा प्रथम एक फीट का कार्य समाप्ति के पश्चात पुनः प्रखंड कृषि पदाधिकारी/कृषि समन्वयक/किसान सलाहकार की उपस्थिति के साथ फोटोग्राफी करवाना अनिवार्य होगा।

6.17 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण के सम्मुख भाग में एक शिलापट्ट जिसपर **"बिहार सरकार, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष–2025–26 अंतर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण"** निश्चित रूप से लगवाया जाय। शिलापट्ट का साईज दो फिट X डेढ़ फीट रखा जाय।

6.18 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण के निरीक्षण के बाद सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) मापी पुस्त (MB) की प्रति के साथ भुगतान हेतु जिला कृषि पदाधिकारी को अनुशंसा करेंगे।

6.19 अनुशंसा प्राप्त होने के 15 दिनों के अंदर अनुदान की पूर्ण राशि लाभुक कृषक को भुगतान उनके बैंक खाते में जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा की जायेगी।

## 7. अनुश्रवण

- **अनुश्रवण/भौतिक सत्यापनः** – कुल लक्ष्य का कम से कम 10% प्रमंडलीय संयुक्त निदेशक (शष्य) 25% जिला कृषि पदाधिकारी, 50% अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, शत प्रतिशत प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा भौतिक जाँच किया जायेगा।

28/6

**कृषि निदेशक,**
बिहार, पटना।

अनुसूची–1

## वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (DPR) अंतर्गत पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का जिलावार/कोटिवार भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य

भौतिकः–संख्या में।
वित्तीय–लाख रू० में।

(रू० 50000/– प्रति इकाई अथवा लागत का 50% जो भी कम हो)

| क्र० सं० | जिला का नाम | लक्ष्य | | | | | | | | | | | | कुल लक्ष्य | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जन जाति | | | | | | | |
| | | भौतिक | वित्तीय | | | भौतिक | वित्तीय | | | भौतिक | वित्तीय | | | भौतिक | वित्तीय | | |
| | | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 1 | पटना | 33 | 9.90000 | 6.60000 | **16.50000** | 9 | 2.70000 | 1.80000 | **4.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 43 | **12.90000** | **8.60000** | **21.50000** |
| 2 | नालन्दा | 28 | 8.40000 | 5.60000 | **14.00000** | 8 | 2.40000 | 1.60000 | **4.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 37 | **11.10000** | **7.40000** | **18.50000** |
| 3 | भोजपुर | 20 | 6.00000 | 4.00000 | **10.00000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 26 | **7.80000** | **5.20000** | **13.00000** |
| 4 | बक्सर | 16 | 4.80000 | 3.20000 | **8.00000** | 5 | 1.50000 | 1.00000 | **2.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 21 | **6.30000** | **4.20000** | **10.50000** |
| 5 | रोहतास | 28 | 8.40000 | 5.60000 | **14.00000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 36 | **10.80000** | **7.20000** | **18.00000** |
| 6 | कैमूर | 16 | 4.80000 | 3.20000 | **8.00000** | 5 | 1.50000 | 1.00000 | **2.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 21 | **6.30000** | **4.20000** | **10.50000** |
| 7 | गया | 34 | 10.20000 | 6.80000 | **17.00000** | 10 | 3.00000 | 2.00000 | **5.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 45 | **13.50000** | **9.00000** | **22.50000** |
| 8 | जहानाबाद | 10 | 3.00000 | 2.00000 | **5.00000** | 3 | 0.90000 | 0.60000 | **1.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 13 | **3.90000** | **2.60000** | **6.50000** |
| 9 | अरवल | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 2 | 0.60000 | 0.40000 | **1.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 9 | **2.70000** | **1.80000** | **4.50000** |
| 10 | नवादा | 20 | 6.00000 | 4.00000 | **10.00000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 26 | **7.80000** | **5.20000** | **13.00000** |
| 11 | औरंगाबाद | 16 | 4.80000 | 3.20000 | **8.00000** | 5 | 1.50000 | 1.00000 | **2.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 21 | **6.30000** | **4.20000** | **10.50000** |
| 12 | भागलपुर | 23 | 6.90000 | 4.60000 | **11.50000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 30 | **9.00000** | **6.00000** | **15.00000** |
| 13 | बांका | 16 | 4.80000 | 3.20000 | **8.00000** | 5 | 1.50000 | 1.00000 | **2.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 21 | **6.30000** | **4.20000** | **10.50000** |
| 14 | मुँगेर | 13 | 3.90000 | 2.60000 | **6.50000** | 4 | 1.20000 | 0.80000 | **2.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 17 | **5.10000** | **3.40000** | **8.50000** |
| 15 | जमुई | 15 | 4.50000 | 3.00000 | **7.50000** | 4 | 1.20000 | 0.80000 | **2.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 19 | **5.70000** | **3.80000** | **9.50000** |
| 16 | लखीसराय | 9 | 2.70000 | 1.80000 | **4.50000** | 2 | 0.60000 | 0.40000 | **1.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 11 | **3.30000** | **2.20000** | **5.50000** |
| 17 | खगड़िया | 10 | 3.00000 | 2.00000 | **5.00000** | 3 | 0.90000 | 0.60000 | **1.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 13 | **3.90000** | **2.60000** | **6.50000** |
| 18 | शेखपुरा | 9 | 2.70000 | 1.80000 | **4.50000** | 2 | 0.60000 | 0.40000 | **1.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 11 | **3.30000** | **2.20000** | **5.50000** |
| 19 | बेगुसराय | 26 | 7.80000 | 5.20000 | **13.00000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 34 | **10.20000** | **6.80000** | **17.00000** |
| 20 | सारण | 29 | 8.70000 | 5.80000 | **14.50000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 37 | **11.10000** | **7.40000** | **18.50000** |

| क्र0 सं0 | जिला का नाम | लक्ष्य | | | | | | | | | | | | कुल लक्ष्य | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | | | | अनुसूचित जाति | | | | अनुसूचित जन जाति | | | | | | | |
| | | भौतिक | वित्तीय | | | भौतिक | वित्तीय | | | भौतिक | वित्तीय | | | भौतिक | वित्तीय | | |
| | | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल | | केन्द्रांश | राज्यांश | कुल |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 |
| 21 | सीवान | 28 | 8.40000 | 5.60000 | **14.00000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 36 | **10.80000** | **7.20000** | **18.00000** |
| 22 | गोपालगंज | 20 | 6.00000 | 4.00000 | **10.00000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 26 | **7.80000** | **5.20000** | **13.00000** |
| 23 | मुजफ्फरपुर | 23 | 6.90000 | 4.60000 | **11.50000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 30 | **9.00000** | **6.00000** | **15.00000** |
| 24 | वैशाली | 23 | 6.90000 | 4.60000 | **11.50000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 30 | **9.00000** | **6.00000** | **15.00000** |
| 25 | सीतामढ़ी | 26 | 7.80000 | 5.20000 | **13.00000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 34 | **10.20000** | **6.80000** | **17.00000** |
| 26 | शिवहर | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 2 | 0.60000 | 0.40000 | **1.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 9 | **2.70000** | **1.80000** | **4.50000** |
| 27 | पू0 चम्पारण | 39 | 11.70000 | 7.80000 | **19.50000** | 10 | 3.00000 | 2.00000 | **5.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 50 | **15.00000** | **10.00000** | **25.00000** |
| 28 | प0 चम्पारण | 26 | 7.80000 | 5.20000 | **13.00000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 34 | **10.20000** | **6.80000** | **17.00000** |
| 29 | दरभंगा | 26 | 7.80000 | 5.20000 | **13.00000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 34 | **10.20000** | **6.80000** | **17.00000** |
| 30 | मधुबनी | 30 | 9.00000 | 6.00000 | **15.00000** | 8 | 2.40000 | 1.60000 | **4.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 39 | **11.70000** | **7.80000** | **19.50000** |
| 31 | समस्तीपुर | 29 | 8.70000 | 5.80000 | **14.50000** | 7 | 2.10000 | 1.40000 | **3.50000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 37 | **11.10000** | **7.40000** | **18.50000** |
| 32 | सहरसा | 15 | 4.50000 | 3.00000 | **7.50000** | 4 | 1.20000 | 0.80000 | **2.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 19 | **5.70000** | **3.80000** | **9.50000** |
| 33 | सुपौल | 16 | 4.80000 | 3.20000 | **8.00000** | 5 | 1.50000 | 1.00000 | **2.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 21 | **6.30000** | **4.20000** | **10.50000** |
| 34 | मधेपुरा | 18 | 5.40000 | 3.60000 | **9.00000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 24 | **7.20000** | **4.80000** | **12.00000** |
| 35 | पुर्णिया | 20 | 6.00000 | 4.00000 | **10.00000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 26 | **7.80000** | **5.20000** | **13.00000** |
| 36 | किशनगंज | 10 | 3.00000 | 2.00000 | **5.00000** | 3 | 0.90000 | 0.60000 | **1.50000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 13 | **3.90000** | **2.60000** | **6.50000** |
| 37 | अररिया | 13 | 3.90000 | 2.60000 | **6.50000** | 4 | 1.20000 | 0.80000 | **2.00000** | 0 | 0.00000 | 0.00000 | **0.00000** | 17 | **5.10000** | **3.40000** | **8.50000** |
| 38 | कटिहार | 23 | 6.90000 | 4.60000 | **11.50000** | 6 | 1.80000 | 1.20000 | **3.00000** | 1 | 0.30000 | 0.20000 | **0.50000** | 30 | **9.00000** | **6.00000** | **15.00000** |
| कुल | | **770** | **231.00000** | **154.00000** | **385.00000** | **213** | **63.90000** | **42.60000** | **106.50000** | **17** | **5.10000** | **3.40000** | **8.50000** | **1000** | **300.00000** | **200.00000** | **500.00000** |

संयुक्त निदेशक (शष्य) उपादान–
सह–नोडल पदाधिकारी,
रा०कृ०वि०यो०, बिहार, पटना

कृषि निदेशक,
बिहार, पटना

D:\2025\Target 2025-26 (03.04.2025)\PM RKVY Pucca Threshing Floor Target 2025-26 (07.04.2025) Pucca Threshing Floor (Annex-2

अनुसूची – 2

# कृषि निदेशालय, बिहार, पटना

कृषि भवन, मीठापुर, पटना - 800001

बिहार सरकार

ई-मेल–diragri-bih@nic.in वेबसाइट –state.bihar.gov.in/krishi/CitizenHome दूरभाष /फैक्स– 0612-2215895

पत्र संख्या–.....132.....(अ०नि०) दिनांक ..02.. मई , 2025

प्रेषक,

**ई० आलोक कुमार सिंह,**
संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण)
–सह–
राज्य नोडल पदाधिकारी (यांत्रिकरण),
कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

सेवा में,

**संयुक्त निदेशक (शष्य) उपादान**
–सह– नोडल पदाधिकारी,
रा०कृ०वि०यो०, बिहार, पटना।

विषय :– **पक्का थ्रेसिंग फ्लोर का प्राक्कलन T/A उपरान्त उपलब्ध कराने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि पक्का थ्रेसिंग फ्लोर के प्राक्कलन का T/A कराये जाने के उपरान्त आवश्यक कागजात प्रेषित किया जा रहा है।

अनुलग्नकः– यथोक्त।

विश्वासभाजन
02/05/25

**(आलोक कुमार सिंह)**
संयुक्त निदेशक (कृषि अभियंत्रण)
–सह–
राज्य नोडल पदाधिकारी (यांत्रिकरण),
कृषि निदेशालय, बिहार, पटना।

# A Model Estimate and abstract of cost for "Construction of Threashing Floor" at site.

Size (LxBxH) :- 30'0" x 20'0" x 1'9"

Name of work :- Construction of Threashing Floor
S o R :- Water Resource Department w.e.f. 03.11.2023

| S. N | Ref. No. | Items of work | | Quantity | unit | Rate | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5.1.2 | Preparation of borrow areas above ground level and removal of rubbish keep outside the periphery of the area cleared. all complete job as per direction of E/I. | | 66.000 | $m^2$ | 3.60 | ₹ 237.60 |
| 2 | 5.1.27 | Earth work in excavation in foundation trenches in ordinary soil (vide classification of soil item-A) including dressing of sides and ramming of bottoms, lift up to 1.5 m including getting out the excavated soil and disposal of surplus excavated soil as directed with a lead of 50m all complete. | | 5.215 | $m^3$ | 178.60 | ₹ 931.40 |
| 3 | 5.1.37 | Providing course clean course Sand filling in foundation trenches including ramming watering and royalty all complete job as per specification and direction of E/I. | | 19.334 | $m^2$ | 324.00 | ₹ 6,264.22 |
| 4 | 5.7.15 | Providing **B/E Soling** with degination 100A bricks joints filled with coarse sand of approved quality including royalty etc. all complete job as per direction of E/I. | | 59.452 | $m^2$ | 494.40 | ₹ 29,393.07 |
| 5 | 5.3.4 | Providing and laying **PCC or RCC M150** with nominal mix of (1:2:4) in Foundation in various components of embankment or structures with approved quality of graded course aggregate of required grade do--do excluding farm work all complete job as per specification and direction of E/I. | | 5.838 | $m^3$ | 6397.70 | ₹ 37,349.77 |
| 6 | 5.4.2 | Providing B/W degination 100B bricks with cement mortar (1:4) in foundation with approved quality of course sand of required grade do--do excluding farm work all complete job as per specification and direction of E/I. | | 4.425 | $m^3$ | 5498.70 | ₹ 24,331.75 |
| 7 | 5.3.19 | P/V shuttering including strutting propping etc and its removal of rust after use in foundation and superstructure works as per specification & direction of E/I. | | 2.213 | $m^2$ | 559.50 | ₹ 1,238.17 |
| 8 | 5.5.2 | Providing 12 mm thick cement plaster in C:M (1:4) with approved quality of sand washed and screened including curring, do--do all complete. | | 16.165 | $m^2$ | 202.00 | ₹ 3,265.33 |
| 9 | 5.5.10. | P/V 1.5 mm neat cement punning including curring complete job as per specification and direction of E/I. | | 71.980 | $m^2$ | 60.90 | ₹ 4,383.58 |
| 10 | 6.1.17 | E/W in filling in foundation trenches and back filling of masonry structure with semi pervious or suitable earth do—do as per specification & direction of E/I. | | 0.690 | $m^3$ | 152.30 | ₹ 105.09 |
| 11 | Ch - 4B of WRD | Cost for Carriage of materials by mechanical transport with all lead as per Govt. Norms and arability of materials including Contractor's Profit and Overhead charges all complete as per specification and direction of E/I. | i) Local Sand | 19.334 | $m^3$ | 424.13 | ₹ 8,200.13 |
| | | | ii) Fine Sand | 5.113 | $m^3$ | 559.70 | ₹ 2,861.75 |
| | | | iii) Stone Chips | 5.253 | $m^3$ | 1938.01 | ₹ 10,180.37 |
| | | | iv) Bricks | 3699 | nos | 2.11 | ₹ 7,804.89 |
| | | | V) Cement | 3.890 | MT | 527.50 | ₹ 2,051.98 |
| | Sub Total ———— (A) | | | | | Rs. | ₹ 1,38,599.10 |
| | Deduct Contractor's Profit and overhead charge @ 15.00% effective rate @ 13.05% of (A) | | | | | (-) Rs. | ₹ 18,087.18 |
| | Sub Total | | | | | Rs. | ₹ 1,20,511.92 |
| | Add Cost Including Cost of Signboard by Painting, Photography etc. | | | | | Rs. | ₹ 2,000.00 |
| 12 | Add GST on Basic rates of materials ( Local Sand,Coarse Sand, Stone chips, Bricks, Cement, Steel etc). | | | | | Rs. | ₹ 6,535.31 |
| 13 | Deduction for Royalty on materials ( Local Sand,Coarse Sand, Stone chips, Bricks). | | | | | (-) Rs. | ₹ 2,787.83 |
| | Grand Total | | | | | Rs. | ₹ 1,26,259.40 |

**Or, Say, ₹ 1,26,200.00 ( Rupees One Lakh Twenty Six Thousand Two Hundred Only )**

नोटः— प्रस्तुत मॉडल फसल की कटाई के पश्चात् फसल सुखाने एवं फसल की दौनी हेतू थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण का है, यह मानक प्राक्कलन WRD के SoR में पटना प्रमंडल के लिए अनुमान्य दरों एवं काल्पनिक विनिर्देशों (Specifications) के आघार पर तैयार किया गया है।

Prepared by

Amit Kumar 03/04/2025

( Amit Kumar)

Engineering Expert,

[illegible]

Checked and Verified by

03/04/2025

( Niraj Kumar )

Assistant Dir. (Ag. Engg.)

Mechanization Cell, Bihar, Patna

T.A is accorded for the amount of 1,26,200/- (Rupees one Lakh Twenty six thousand Two Hundred) only

02/05/2025

CS CamScanner

# Details of Estimate of cost for Construction of "Threashing Floor" at site.

**Technical Specification :-**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| No. of Threashing Floor | :- | 1 | No. | | |
| Length of Threashing Floor | :- | 9.150 | meter | ~ | 30' 0" |
| Width of Threashing Floor | :- | 6.100 | meter | ~ | 20' 0" |
| Height of Threashing Floor above G.L. | :- | 0.530 | meter | ~ | 1' 9" |
| Thickness of wall | :- | 0.250 | meter | ~ | 0' 10" |
| No. of Staircase | :- | 0 | | | |

**1.** Clearing jungle including uprooting of rank vegetation ,grass, brush wood, above ground level and removal of rubbish upto a distance of 50 m outside the periphery of the area cleared.

| | | Nos. | | L | | W | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Area | - | 1 | x | 10.00 | x | 6.60 | = | 66.000 sqm | or, | 66.000 $m^2$ | |

**2.** Earth work in excavation in foundation trenches or drains(not exceeding 1.5m in width or 10 sqm on plan) including dressing of sides and ramming of bottoms, lift up to 1.5 m including getting out the excavated soil and disposal of surplus excavated soil as directed with a lead of 50m all complete.

| | | Nos. | | L | | W | | D | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.380 | x | 0.450 | = | 3.129 | cum | | |
| Short wall | – | 2 | x | 6.100 | x | 0.380 | x | 0.450 | = | 2.086 | cum | | |
| Staircase | – | 0 | x | 1.220 | x | 0.750 | x | 0.450 | = | 0.000 | cum | | |
| | | | | | | | | Total | = | 5.215 | cum | or, | 5.215 $m^3$ |

**3.** Providing course clean course Sand filling in foundation trenches including ramming watering and royality all complete job as per specification and direction of E/I.

| | | Nos. | | L | | W | | H | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.380 | x | 0.080 | = | 0.556 | cum | | |
| Short wall | – | 2 | x | 6.100 | x | 0.380 | x | 0.080 | = | 0.371 | cum | | |
| Staircase | – | 0 | x | 1.220 | x | 0.750 | x | 0.080 | = | 0.000 | cum | | |
| Floor | – | 1 | x | 8.650 | x | 5.600 | x | 0.380 | = | 18.407 | cum | | |
| | | | | | | | | Sub Total | = | 19.334 | cum | | |
| Deduction | – | 1 | x | 0.000 | x | 0.000 | x | 0.000 | = | 0.000 | cum | | |
| | | | | | | | | Total | = | 19.334 | cum | or, | 19.334 $m^3$ |

**4.** Providing B/F Soling with degination 100A bricks joints filled with coarse sand of approved quality including royality etc. all complete job as per specification and direction of E/I.

| | | Nos. | | L | | W | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.380 | | = | 6.954 | sqm | | |
| Short wall | – | 2 | x | 5.340 | x | 0.380 | | = | 4.058 | sqm | | |
| Staircase | – | 0 | x | 1.220 | x | 0.750 | | = | 0.000 | sqm | | |
| Floor | – | 1 | x | 8.650 | x | 5.600 | | = | 48.440 | sqm | | |
| | | | | | | | Sub Total | = | 59.452 | sqm | | |
| Deduction | – | 1 | x | 0.000 | x | 0.000 | | = | 0.000 | sqm | | |
| | | | | | | | Total | = | 59.452 | sqm | or, | 59.452 $m^2$ |

**5.** Providing and laying PCC or RCC M150 with nominal mix of (1:2:4) in Foundation in various components of embankment or structures with approved quality of graded course aggregate of required grade do--do excluding farm work all complete job as per specification and direction of E/I. (vide S.R. 5.3.4 of WRD)

| | | | Nos. | | L | | W | | H/D | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | foundation | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.380 | x | 0.150 | = | 1.043 | cum | | |
| Short wall | foundation | – | 2 | x | 5.340 | x | 0.380 | x | 0.150 | = | 0.609 | cum | | |
| Staircase | | – | 0 | x | 1.220 | x | 0.750 | x | 0.100 | = | 0.000 | cum | | |
| Floor | | – | 1 | x | 9.150 | x | 6.100 | x | 0.075 | = | 4.186 | cum | | |
| | | | | | | | | | Sub Total | = | 5.838 | cum | | |
| Deduction | | – | 1 | x | 0.000 | x | 0.000 | x | 0.000 | = | 0.000 | cum | | |
| | | | | | | | | | Total | = | 5.838 | cum | or, | 5.838 $m^3$ |

03/04/2025

CS CamScann

**6.** **Providing B/W degination 100A bricks with cement mortar (1:4) in foundation with approved quality of course sand of required grade do--do excluding farm work all complete job as per specification and direction of E/I.**

| | | | Nos. | | L | | W | | H | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | upto G.L. | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.250 | x | 0.145 | = | 0.663 | cum |
| Short wall | upto G.L. | – | 2 | x | 5.600 | x | 0.250 | x | 0.145 | = | 0.406 | cum |
| Long wall | above G.L. | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.250 | x | 0.455 | = | 2.082 | cum |
| Short wall | above G.L. | – | 2 | x | 5.600 | x | 0.250 | x | 0.455 | = | 1.274 | cum |
| | | | | | | | | | **Sub total** | = | **4.425** | **cum** or, **4.425 m³** |

**7.** **P/V shuttering including strutting propping etc and its removal of rust after use in foundation and superstructure works as per specification & direction of E/I. ( Vide SoR - 5.9.2 of BCD )**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | At Top | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.075 | = | 1.373 | sqm |
| Short wall | At Top | – | 2 | x | 5.600 | x | 0.075 | = | 0.840 | sqm |
| | | | | | | | Total | = | **2.213** | **sqm** or, **2.213 m²** |

**8.** **Providing 12 mm thick cement plaster in C:M (1:4) with approved quality of sand washed and screened including curring, scaffolding wherever is required and its removal do--do all complete as per specification and direction of**

| | | | Nos. | | L | | W | | H | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | Outer | – | 2 | x | 9.150 | x | - | x | 0.530 | = | 9.699 | sqm |
| Short wall | Outer | – | 2 | x | 6.100 | x | - | x | 0.530 | = | 6.466 | sqm |
| Staircase | step | – | 0 | x | 1.220 | x | 0.250 | | | = | 0.000 | sqm |
| Staircase | side | – | 0 | x | 0.480 | x | 0.450 | | | = | 0.000 | sqm |
| | | | | | | | | | **Sub Total** | = | **16.165** | **sqm** |
| Deduction | | – | 1 | x | 0.000 | x | 0.000 | | | = | **0.000** | **sqm** |
| | | | | | | | | | **Sub total** | = | **16.165** | **sqm** or, **16.165 m²** |

**9.** **P/V 1.5 mm neat cement punning including curring complete job as per specification and direction of E/I.**

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | Outer | – | 2 | x | 9.150 | x | - | x | 0.530 | = | 9.699 | sqm |
| Short wall | Outer | – | 2 | x | 6.100 | x | - | x | 0.530 | = | 6.466 | sqm |
| Floor | | – | 1 | x | 9.150 | x | 6.100 | | | = | 55.815 | sqm |
| | | | | | | | | | **Sub total** | = | **71.980** | **sqm** or, **71.980 m²** |

**10.** **E/W in filling in foundation trenches and back filling of masonry structure with semi pervious or suitable earth do—do as per specification & direction of E/I.**

| | | Nos. | | L | | W | | H | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Long wall | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.130 | x | 0.145 | = | 0.345 | cum |
| Short wall | – | 2 | x | 9.150 | x | 0.130 | x | 0.145 | = | 0.345 | cum |
| | | | | | | | | **Sub total** | = | **0.690** | **cum** or, **0.690 m³** |

**11.** **Carriage of materials by mechanical transport with lead from Source to site as per Govt. norms and availability of materials....**

*** Material Statement (quantity of different materials used in Construction**

| S. N. | Item of work | Quantity of Work | Bricks | Stone Chips | Sand Course | Cement | Sand (Local) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | - | Nos | cum | cum | cum | cum |
| i | Providing Sand Filling (cum) | 19.334 | - | | - | | 19.334 |
| ii | Providing B/F soling (sqm) | 59.452 | 1902.46 | - | 0.908 | - | |
| iii | Providing B/E soling (sqm) | 0.000 | 0 | | 0.000 | | |
| iv | PCC or RCC ( 1:2:4 ) (cum) | 5.838 | - | 5.253 | 2.627 | 1.314 | |
| v | Providing 100A B/W in C:M (1:4) | 4.425 | 1796.55 | | 1.416 | 0.354 | - |
| vi | Providing 12 mm Cement Plaster | 16.165 | | - | 0.162 | 0.065 | |
| vii | Providing 1.5 mm Punning ($m^2$) | 71.980 | - | | - | 0.144 | |
| viii | MS Reinforcement (MT) | 0.000 | | | | | |
| | TOTAL :- | | 3699.01 | 5.253 | 5.113 | 1.876 | 19.334 |

02/04/2025

A) for, Stone chips / Sand / Morrum / Stone Boulder / Earth

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Lead in Km. | |
| Cost of Loading, Unloading, Stacking per Trip of tipper of 5.5 cum | $5.5\ X_a$ | = | 1617.55 | For Surface Road | $L_s$ |
| Cost of Haulage per cum per Trip of Tipper (Capacity of Tipper = 5.5 cum) | $5.5\ H_{sa}$ | = | 112.75 | For Unsurfaced Gravated Road | $L_u$ |
| | $5.5\ H_{ua}$ | = | 136.40 | For Hatcha Track or Track in River bed/Nalla Bed & Choe Bed Road | $L_k$ |
| | $5.5\ H_{ka}$ | = | 273.35 | | |

i) **Local Sand** :- $L_s$ = **2.00** Km , $L_u$ = 0.00 Km. , $L_k$ = 1.00 Km.

Name of Source :-

$$\text{Rate per cum} = \frac{5.5\ H_{sa}\ L_s + 5.5\ H_{ua}\ L_u + 5.5\ H_{ka}\ L_k + 5.5X_a}{4.99}$$

$$= \frac{(112.75 \times 2.00) + (136.40 \times 0.00) + (273.35 \times 1.00) + 1617.55}{4.99}$$

$$= \frac{2116.40}{4.99} = \mathbf{424.13} \text{ per cum}$$

ii) **Fine Sand** :- $L_s$ = **8.00** Km , $L_u$ = 0.00 Km. , $L_k$ = 1.00 Km.

Quarry:-

$$\text{Rate per cum} = \frac{5.5\ H_{sa}\ L_s + 5.5\ H_{ua}\ L_u + 5.5\ H_{ka}\ L_k + 5.5\ X_a}{4.99}$$

$$= \frac{(112.75 \times 8.00) + (136.40 \times 0.00) + (273.35 \times 1.00) + 1617.55}{4.99}$$

$$= \frac{2792.90}{4.99} = \mathbf{559.70} \text{ per cum}$$

iii) **Stone Chips** :- $L_s$ = **69.00** Km , $L_u$ = 0.00 Km. , $L_k$ = 1.00 Km.

Quarry:-

$$\text{Rate per cum} = \frac{5.5\ H_{sa}\ L_s + 5.5\ H_{ua}\ L_u + 5.5\ H_{ka}\ L_k + 5.5X_a}{4.99}$$

$$= \frac{(112.75 \times 69.00) + (136.40 \times 0.00) + (273.35 \times 1.00) + 1617.55}{4.99}$$

$$= \frac{9670.65}{4.99} = \mathbf{1938.01} \text{ per cum}$$

B) for, Bricks / Cement / MS Rod

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Lead in Km. | |
| Cost of Loading, Unloading, Stacking per Trip of tipper of 8.0 cum | $8.0\ X_b$ | = | 3368.80 | For Surface Road | $L_s$ |
| Cost of Haulage per cum per Trip of Tipper (Capacity of Tipper = 8.0 cum) | $8.0\ H_{sb}$ | = | 90.40 | For Unsurfaced Gravated Road | $L_u$ |
| | $8.0\ H_{ub}$ | = | 109.60 | For Hatcha Track or Track in River bed/Nalla Bed & Choe Bed Road | $L_k$ |
| | $8.0\ H_{kb}$ | = | 218.40 | | |

iv) **Bricks** :- $L_s$ = **7.00** Km , $L_u$ = 0.00 Km. , $L_k$ = 1.00 Km.

Name of Source :-

$$\text{Rate per \%0} = \frac{8.0\ H_{sb}\ L_s + 8.0\ H_{ub}\ L_u + 8.0\ H_{kb}\ L_k + 8.0\ X_b}{2}$$

$$= \frac{(90.40 \times 7.00) + (109.60 \times 0.00) + (218.40 \times 1.00) + 3368.80}{2}$$

$$= \frac{4220.00}{2} = \mathbf{2110.00} \text{ er thousar}$$

v) **Cement & MS Rod** $L_s$ = 7.00 Km , $L_u$ = 0.00 Km. , $L_k$ = 1.00 Km.

Name of Source :-

$$\text{Rate per MT} = \frac{5.5\ H_{sb}\ L_s + 5.5\ H_{ub}\ L_u + 5.5\ H_{kb}\ L_k + 5.5X_b}{8}$$

$$= \frac{(90.40 \times 7.00) + (109.60 \times 0.00) + (218.40 \times 1.00) + 3368.80}{8}$$

$$= \frac{4220.00}{8} = \mathbf{527.50} \text{ per MT}$$

02/04/2025

| S.N. | Item | Distance of Source from Site | Quantity | Unit | Rate | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| i | Local Sand | 1.0 KMK + 2.0 KMP | 19.334 | $m^3$ | 424.13 | 8200.10 |
| ii | Fine sand | 1.0 KMK + 8.0 KMP | 5.113 | $m^3$ | 559.70 | 2861.47 |
| iii | Bricks | 1.0 KMK + 7.0 KMP | 3699 | Nos | 2.1100 | 7804.92 |
| iv | Stone Chips | 1.0 KMK + 69.0KMP | 5.253 | $m^3$ | 1938.01 | 10179.48 |
| v | Cement | 1.0 KMK + 7.0 KMP | 2.702 | MT | 527.50 | 1425.14 |
| vi | M.S. Rod | 1.0 KMK + 7.0 KMP | 0.000 | MT | 527.50 | 0.00 |

**12.** **G.S.T. on Basic rete of materials ( Sand, Stone chips, Bricks, Cement and MS Rod ).**


| S. N. | Name of Materials | Quantity | Unit | Material | | G.S.T. Rate (CGST+SGST) % | G.S.T. Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Basic Rate without Royalty | Amount - A | | |
| i | Local Sand | 19.334 | cum | 144.75 | 2798.60 | 5.00 | 139.93 |
| ii | Coarse Sand | 5.113 | cum | 577.80 | 2954.01 | 5.00 | 147.70 |
| iii | Bricks | 3699 | Nos | 6.634 | 24539.26 | 5.00 | 1226.96 |
| iv | Stone Chips | 5.253 | cum | 901.46 | 4734.96 | 5.00 | 236.75 |
| v | Cement (OPC-43 | 54 | Bags | 316.40 | 17085.60 | 28.00 | 4783.97 |
| vi | M.S. Rod 10 mm | 0.000 | MT | 54831.00 | 0.00 | 18.00 | 0.00 |
| | | | | Total = Rs. | 52112.43 | - | 6535.31 |

**13.** **Material Statement, Royality on Local Sand, Coarse Sand, Stone chips, Bricks etc.**


| S. N. | Name of Materials | Quantity | Unit | Material | | Royality | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Basic Rate | Amount - A | Rate | Amount - B | |
| a | Local Sand | 19.334 | cum | 144.75 | 2798.60 | 75.00 | 1450.05 | |
| b | Coarse Sand | 5.113 | cum | 577.80 | 2954.01 | 75.00 | 383.44 | |
| c | Bricks | 3699 | Nos | 6.634 | 24539.26 | 0.045 | 166.46 | |
| d | Stone Chips | 5.253 | cum | 901.46 | 4734.96 | 150.00 | 787.88 | |
| e | Cement (OPC-43 | 54 | Bags | 316.40 | 17085.60 | 0.00 | 0 | |
| | | | Total = Rs. | | 52112.43 | - | 2787.83 | |

Avinash Kr
03/04/2025

# Threshing Floor




PLAN




C/S at AB

03/04/2025

# अनुसूची –3

## कृषि विभाग, पक्का थ्रेसिंग फ्लोर (वर्ष 2025–26) अंतर्गत आवेदन–पत्र प्रारूप

पंजीकरण संख्या :........................................ दिनांकः..........................

सेवा में,

जिला कृषि पदाधिकारी,

....................................................

महाशय,

निवेदन पूर्वक कहना है कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2025–26 में पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण का अनुदान पर निर्माण कराना चाहता/चाहती हूँ। इस संबंध में मेरा पूर्ण विवरण निम्न है :–

(1) नाम.....................................................पति/पत्नी/पुत्र/पुत्री श्री.....................................................

(2) ग्राम ...............................पंचायत...........................प्रखंड................................... जिला..........................

(3) मोबाईल............................................

(4) कृषक का श्रेणी–अनु० जाति/अनु० जनजाति/सामान्य ...........................................................

(5) खेती योग्य कुल भूमि का रकवा (एकड़ में).........................................................................

(6) पक्का खलिहान निर्माण स्थल का प्लॉट नं० : ..................................................................

(7) पक्का खलिहान निर्माण स्थल का चौहद्दी प्लॉट के साथ निम्न प्रकार है–

उ०.................................द०................................पू०.................................प०..........................................

(9) ........................................ एकड़ में खेती करता/करती हूँ।

**प्रमाणित किया जाता है कि –**

(1) मैं इसका उपयोग कृषि कार्य में ही करूँगा/करूँगी।

(2) प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2025–26 में पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण का अनुदान पर निर्माण समय सीमा के अन्दर करूँगा/करूँगी।

(3) निर्माण कार्य विनिर्देश के अनुरूप न करने की स्थिति में प्राप्त अनुदान की पूरी राशि वापस करूँगा/करूँगी।

(4) यह भी वादा करता/करती हूँ कि निर्माण खर्च में अनुदान के अलावा शत् प्रतिशत राशि स्वयं वहन करूँगा/करूँगी।

(5) उपर्युक्त सभी सूचनायें मेरी जानकारी में सही है एवं संलग्न किये गये सभी अनुलग्नक मेरे द्वारा दिये गये हैं।

Plot का Geo-Tagged Photo --

# अनुसूची –4

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2025–26 अंतर्गत

## पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण योजना का स्वीकृति पत्र

पत्रांक :–

दिनांक–

किसान का नामः ..........................पिता/पति का नामः .......................... ग्राम .......................... प्रखंड .......................... जिला .......................... आपके द्वारा समर्पित पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण संबंधी आवेदन पत्र लॉटरी के माध्यम से चयनित हुआ है। पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण करने की स्वीकृति दी जाती है।

- स्वीकृति पत्र प्राप्त होने के पश्चात् दिए गए विनिर्देश (Specification) के आधार पर पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण कार्य 15 दिनों के अन्दर प्रारंभ करेंगे एवं तीन माह के अंदर इसे पूर्ण करेंगे। निर्माण कार्य का प्रारंभ करने के समय सहायक निदेशक (कृ०अभि०) के साथ संबंधित प्रखंड कृषि पदाधिकारी/किसान सलाहकार/कृषि समन्वयक की उपस्थिति के साथ फोटोग्राफी करवायेंगे। उक्त सभी पदाधिकारी/कर्मी, कृषक को आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।
- प्रथम एक फीट का कार्य समाप्ति के पश्चात पुनः प्रखंड कृषि पदाधिकारी/किसान सलाहकार/कृषि समन्वयक की उपस्थिति के साथ फोटोग्राफी करवायेंगे।
- पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण के सम्मुख भाग में एक शिलापट्ट जिसपर ''बिहार सरकार, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना वर्ष 2025–26 पक्का थ्रेसिंग फ्लोर निर्माण अंतर्गत अनुदान पर निर्मित'' निश्चित रूप से लगवाया जाय।
- कार्य पूर्ण होने के पश्चात् एक सप्ताह के अंदर सहायक निदेशक (कृषि अभियंत्रण) निर्माण कार्य का निरीक्षण कर मापी पुस्त (MB) के साथ अनुदान भुगतान हेतु जिला कृषि पदाधिकारी को अनुशंसा करेंगे।
- अनुशंसा प्राप्त होने के 15 दिनों के अंदर जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा अनुदान की राशि 50,000/– रू० बैंक खाता में SNA-SPARSH के माध्यम से भुगतान किया जायेगा।

**जिला कृषि पदाधिकारी का हस्ताक्षर**